पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल ने दी बधाई

लखनऊः 14 अगस्त, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने स्वतंत्रता दिवस की गौरवमयी 76वीं वर्षगांठ पर प्रदेश तथा देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल जी ने कहा कि हम सब आज देश की आजादी के 76 वर्ष पूरे होने के साथ 77वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें हमारे देश के बलिदानियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, देशहित में सर्वस्व न्योछावर करने वालों का स्मरण तो कराता ही है, हमें अपने देश की प्रगति में पूर्ण समर्पण के साथ योगदान देने की प्रेरणा भी देता है। राज्यपाल जी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के वीर शहीदों को सम्मान देने के लिए 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू किया है। जो 9 अगस्त से प्रारम्भ ये अभियान 30 अगस्त तक चलेगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय एकता और अखंडता के सम्मान में हर घर तिरंगा अभियान भी चलाया गया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आजादी के इस अमृत काल में हम सब देशवासी देश

की प्रगति के इस स्वर्णिम सोपान में अपनी पूर्ण ऊर्जा, उत्साह और नवोन्मेष के साथ योगदान देंगे। स्वाधीनता दिवस का यह पर्व देशवासियों में नई ऊर्जा और नवचेतना का संचार करेगा।

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361